सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-633
25/12/2017

# केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 25 दिसम्बर 2017 :– केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल ने आज 1 अणे मार्ग में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल को फुलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल पटना पधारे हैं। मुलाकात के क्रम में केन्द्रीय मंत्री केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के भव्य आयोजन के लिये धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल को प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट किया। केन्द्रीय मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल एवं पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुखबीर सिंह बादल के साथ साथ दिल्ली गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सरोपा भेंट किया।

इस अवसर पर दिल्ली के रजौरी गार्डन के विधायक श्री मनजिन्दर सिंह सिरसा, अध्यक्ष दिल्ली एस0जी0पी0सी0 श्री मंजीत सिंह, श्री गोबिन्द सिंह, सचिव एस0जी0पी0सी0 श्री रूप सिंह, बिहार के मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पूर्व मुख्य सचिव श्री जी0एस0 कंग, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जो अवसर मिला है उसे हम अपना सौभाग्य मानते हैं। दशमेश पिता सर्वंशदानी गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज का यह जन्मस्थान है। यह हर बिहारवासियों के लिए गौरव की बात है और हम सदैव इस बात की चर्चा करते रहते हैं। जब 350 वें प्रकाश पर्व का आयोजन हुआ तो बहुत गौरवान्वित हुए कि हमें सेवा का अवसर मिला और आप जानते हैं कि इस बार उसी का शुकराना समारोह है, 351 वां प्रकाश पर्व भी है। तो हम सब लोगों को बड़ी प्रसन्नता है। एक–एक बिहारवासी को भीतर से बहुत श्रद्धा है और बहुत ही प्रसन्नता है। जिस प्रकार से देश भर से और देश के बाहर से सिख श्रद्धालु यहाँ आ रहे हैं हमलोगों को बहुत अच्छा लग रहा है। पटना साहिब के जितने निवासी हैं, बिहार के निवासी हैं सब लोग बहुत अच्छा महसूस करते हैं। जो लोग भी आयें, जितने श्रद्धालु आयें हमलोगों को उतना ही अच्छा लगेगा। यह तो हमारा धर्म है ऐसा मत समझिए कि हमलोग कुछ कर रहे हैं, कुछ करने का अवसर मिला इसी को हमलोग अपना सौभाग्य मानते हैं।

******